
# भारत में पहली डेंगू वैक्सीन को मंजूरी

**दो डोज वाली वैक्सीन देगी लंबी सुरक्षा**

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल. भारत में डेंगू से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है. लंबे इंतजार के बाद देश को पहली बार डेंगू से बचाव के लिए वैक्सीन मिल गई है. हर साल मानसून के दौरान डेंगू के मामलों में तेज बढ़ोतरी होती है, जिससे अस्पतालों पर दबाव बढ़ जाता है और कई बार स्थिति गंभीर हो जाती है.**

ऐसे में यह वैक्सीन सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि बीमारी को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. सरकारी आंकड़े



बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में डेंगू के मामलों में कई गुना बढ़ोतरी हुई है, जिससे यह एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गया है.

अब नाम की नई वैक्सीन को मंजूरी मिलने से उम्मीद जगी है कि इस बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा।यह वैक्सीन खास इसलिए भी है क्योंकि यह डेंगू के चारों प्रकार के वायरस से सुरक्षा देने के लिए तैयार की गई है और इसे लेने के लिए पहले डेंगू होना जरूरी नहीं है।यह वैक्सीन 4 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों के लिए अनुमोदित की गई है और इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे लेने के लिए पहले डेंगू से संमित होना जरूरी नहीं है. पहले उपलब्ध वैक्सीन में यह एक बड़ी सीमा थी, लेकिन इस चुनौती को पार करती है. यह डेंगू के चारों प्रमुख सेरोटाइप के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे इसका प्रभाव व्यापक माना जा रहा है।टीकाकरण प्रक्रिया भी सरल रखी गई है. इसे दो डोज में दिया जाएगा, जिनके बीच लगभग तीन महीने का अंतर होगा.

**4 साल तक सुरक्षा देने में सक्षम यह वैक्सीन**

क्लीनिकल ट्रायल्स के अनुसार, यह वैक्सीन चार साल से अधिक समय तक सुरक्षा देने में सक्षम हो सकती है. वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने भी इस वैक्सीन को उन क्षेत्रों में उपयोगी बताया है, जहां डेंगू का खतरा अधिक रहता है. भारत ऐसे ही देशों में शामिल है, जहां दुनिया की लगभग एक-तिहाई आबादी डेंगू के जोखिम में रहती है।हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि यह वैक्सीन डेंगू का पूरी तरह अंत नहीं करेगी, लेकिन संक्रमण और गंभीरता को काफी हद तक कम कर सकती है. खासकर दूसरी बार डेंगू होने पर जो खतरा बढ़ जाता है, उसमें यह वैक्सीन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है.

## भारतीय टैंकर ने पार किया होर्मुज स्ट्रेट

**नई दिल्ली.** भारत के ध्वज वाले एक तेल के टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया. भारतीय टैंकर ने इस तनाव ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब 2 अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था. पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कच्चे तेल से भरा टैंकर देश गरिमा 18 अप्रैल को रणनीतिक जलमार्ग को पार कर गया और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है. इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार है. भारतीय नौवहन निगम का टैंकर मार्च की शुरुआत से होर्मुज स्ट्रेट को पार करने वाला 10वां भारतीय ध्वज वाला जहाज है.

# उपराष्ट्रपति के दौरे से भारत-श्रीलंका करीब आए

**द्विपक्षीय रिश्तों को नई रफ्तार, कई मुद्दों पर सहमति**

**तमिल समुदाय और मछुआरों के मुद्दे पर खास फोकस**

**कोलंबो/नई दिल्ली, 19 अप्रैल. भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक अहम पहल देखने को मिली है. भारत के उपराष्ट्रपति उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन अपने दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर कोलंबो पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया.**

इस दौरान उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने पर चर्चा की।दोनों नेताओं ने साझा इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और



लोगों के बीच मजबूत संबंधों को आधार बनाकर भविष्य में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई. बैठक में भारत की ओर से चलाए जा रहे हाउसिंग प्रोजेक्ट, आपदा प्रभावित इलाकों के पुनर्निर्माण और तमिल समुदाय के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया।इसके साथ ही, मछुआरों से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को मानवीय दृष्टिकोण से हल करने पर भी सहमति बनी.

यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि यह किसी भारतीय उपराष्ट्रपति का श्रीलंका का पहला आधिकारिक द्विपक्षीय दौरा है, जो दोनों देशों के रिश्तों में नई ऊर्जा भरने का संकेत देता है।दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ राष्ट्रपति सचिवालय में विस्तृत द्विपक्षीय वार्ता की. इस बातचीत में दोनों देशों के साझा इतिहास, सभ्यतागत संबंधों और लोगों के बीच गहरे जुड़ाव को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। भारत द्वारा श्रीलंका में संचालित इंडियन हाउसिंग प्रोजेक्ट की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसके तहत तमिल समुदाय के लिए आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं.

# साइना नेहवाल पहुंचीं देवघर, बाबा धाम में की पूजा

**खेल और जीवन पर दिया प्रेरक संदेश**

**देवघर में साइना नेहवाल का आध्यात्मिक दौरा**

**देवघर, 19 अप्रैल.भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल रविवार को देवघर पहुंचीं, जहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना की.**

यह दौरा सीमावर्ती बिहार के बांका जिले में एक स्कूल उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के क्रम में हुआ। उनके साथ उनके पिता हरवीर सिंह नेहवाल भी मौजूद थे।देवघर पहुंचते ही शहर में खेल प्रेमियों और प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



सभी लोग उनकी एक झलक पाने को उत्साहित नजर आए। बाबा धाम में दर्शन के दौरान साइना ने इसे अपने जीवन का एक विशेष और यादगार अनुभव बताया।उन्होंने इस मौके पर खेलों के महत्व पर भी जोर दिया और युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन के बाद साइना ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए बेहद खास और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसे अपने जीवन का यादगार क्षण बताया, खासकर इसलिए भी क्योंकि वह अपने पिता के साथ यहां आई थीं.

## वाराणसी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**वाराणसी.** वाराणसी के चितईपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर इलाके में रविवार को हड़कंप मच गया, जब सन फ्लॉवर एकेडमी के पास स्थित एक मकान पर विशेष अभियान समूह (एसओजी-2) ने अचानक छापा मारा।सूत्रों के अनुसार, दीपक सिंह के घर पर लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं. सूचना पर कमिश्नरेट की एसओजी-2 टीम ने अचानक दबिश देकर देह व्यापार का अड्डा उजागर किया।मौके से 4 युवकों और 2 युवतियों को हिरासत में लिया गया है. पुलिस को वहां से शक्तिवर्धक दवाइयां भी बरामद हुई हैं।

# 1,080 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की

## टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज का 85वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल . थावरचंद गहलोत ने दीक्षांत भाषण दिया। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज का 85वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 18 अप्रैल 2026 को आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर कर्नाटक के माननीय राज्यपाल थावरचंद गहलोत, के कुलाधिपति प्रो. डी.पी. सिंह और कुलपति प्रो. बद्री नारायण तिवारी उपस्थित थे। 1936 में स्थापित टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस) भारत में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा और अनुसंधान में अग्रणी रहा है. यह संस्थान अपने



गहन जमीनी जुड़ाव, अंत:विषयक दृष्टिकोण और जनहित के लिए ज्ञान सृजन की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है. टीआईएसएस में दीक्षांत समारोह को उत्साह और पारंपरिक मूल्यों के साथ आयोजित करने की समृद्ध परंपरा रही है.

## अजमेर में बस 200 फीट खाई में गिरी, 2 की मौत

**अजमेर.** राजस्थान के अजमेर में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब यात्रियों से भरी एक बस पुष्कर घाटी के पास करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 31 लोग घायल हो गए। बस में कुल 33 यात्री सवार थे, जो एक धार्मिक कार्यक्रम के लिए जा रहे थे।हादसा पुष्कर से लगभग 3 किलोमीटर पहले हुआ, जब बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पेड़-झाड़ियों में फंस गई। जिससे कई लोगों की जान बच गई।हादसे में दो महिलाओं—पूजा (28) और विमला देवी (50)—की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 31 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**इंजीनियरिंग विभाग : ई-टेंडरिंग सूचना**

संख्या : W/623/5/1/NIT, दिनांक : 16.04.2026, मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

**क्र. संख्या :** 1, **ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-149R, **कार्य का नाम :** Execution of various work in RTM division : 1.Ratlam Division - Upgradation of station, circulating area, water supply & approach roads at Ujjain, Laxmibai nagar, Naikheri (Simhastha 2028). 2. Ratlam Division - Augmentation of Water Supply arrangements at various stations (12 stations) (Simhastha 2028). 3. Ujjain - Improvement to Circulating area and Drainage towards PF01 and PF08 (Simhastha 2028). 4.Chintaman Ganesh - Provision of Cover shed on PF 01 and PF 02 (Simhastha 2028), **अनुमानित लागत :** ₹ 48,09,02,667.36, **बयाना राशि :** ₹ 96,18,100.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 08.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ADM/5/1/007

Follow us on: twitter.com/WesternRly

# जम्मू-कश्मीर पुलिसकर्मियों को सेना का प्रशिक्षण

## 10 दिवसीय आतंकवाद-रोधी रिफ्रेशर कोर्स में हुए प्रशिक्षित

**जम्मू, 19 अप्रैल. भारतीय सेना के जवानों ने जम्मू में टाइगर डिवीजन की देखरेख में 10 दिवसीय आतंकवाद-रोधी रिफ्रेशर कोर्स में जम्मू और कश्मीर के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया. गौरतलब है कि इस कोर्स की रूपरेखा भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर तैयार की थी.**

इसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर के बदलते सुरक्षा माहौल में तालमेल, समन्वय और प्रक्रियाओं के मानकीकरण को बढ़ाना था. कुल 108 पुलिसकर्मियों ने इस गहन प्रशिक्षण में हिस्सा लिया, जिसका संचालन मीरान साहिब ब्रिगेड ने किया।इस प्रशिक्षण का मुख्य फोकस जूनियर नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने पर था.

इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को अभियानों से जुड़े कई पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया. इनमें छोटी टीम के अभियान और गश्त, त्वरित प्रतिक्रिया टीम और मोबाइल वाहन जांच चौकी अभ्यास, घात लगाने और घात का जवाब देने की तकनीकें, घेराबंदी और तलाशी अभियान तथा कमरों में घुसकर कार्रवाई करने की प्रक्रियाएं शामिल थीं. इसके अलावा उन्हें हथियारों को संभालने और फायरिंग, आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल, ड्रोन की पहचान और ड्रोन-रोधी उपायों, प्राथमिक उपचार और घायलों को सुरक्षित निकालने तथा खुफिया जानकारी जुटाने और साझा करने जैसे विशेष क्षेत्रों में भी प्रशिक्षण दिया गया. रक्षा मंत्रालय (जम्मू) के पीआरओ और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा कि इस कोर्स का समापन क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारतीय तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

# केजरीवाल ने दी परशुराम जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं

**जीवन में आए ज्ञान और साहस**

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने परशुराम जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं.

इस मौके पर उन्होंने एक संदेश जारी कर लोगों के जीवन में साहस, ज्ञान और धर्मपरायणता की कामना की।केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान परशुराम की कृपा से हर व्यक्ति का जीवन सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों



से प्रकाशित रहे। उनका यह संदेश सामाजिक सद्भाव और आस्था को मजबूत करने की भावना के रूप में देखा जा रहा है।यह अवसर देशभर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है, जहां विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम और पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है।

**पश्चिम रेलवे – दाहोद**

**टेंडर नोटिस संख्या – EL722-1-26-27-01, दिनांक : 17.04.2026, कार्य का नाम :** दाहोद के जनरल स्टोर में पुरानी लिफ्ट की जगह 05 MT क्षमता वाली नई माल-सह-यात्री लिफ़्ट लगाने का प्रावधान, **पता :** सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद- 389160 (गुजरात), **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 81,00,000/-, **ई-टेंडर जमा करने व खुलने की तिथि व समय :** Submission Up to 15.00 Hrs on **08.05.2026** and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website **www.ireps.gov.in**/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. ADM/7/1/009

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला खण्डवा पूर्वनिमाड (म.प्र.)**

Email ADD-spkhandwa@mppolice.gov.in Ph. No.0733-2222100 Fax-0733-2224109

क्र./पु.अ./र.नि./एम.टी./खण्डवा/497A/2026 दिनांक 13.04.2026

प्रेस विज्ञप्ति हेतु

निविदा सूचना पत्र

वाहन प्रदाय करने हेतु दर सूची

पुलिस इकाई खण्डवा अंतर्गत के राजपत्रित अधिकारीयों/वाना/चौकियों हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बोलेरो वाहन (चालक व डीजल सहित) 1500 किमी प्रतिमाह चलाने हेतु मासिक किराया दर पर एक कानून व्यवस्था व अन्य डयूटी हेतु बोलेरी या समकक्ष वाहन प्रतिदिवस की दर पर वाहन अधिग्रहण करने हेतु निविदायें आमंत्रित की गई थी, जो वित्तीय निविदा ऑनलाईन ओपन की गई निविदा का मूल्यांकन समिति द्वारा विभागीय ई-टेंडर की दरो का तुलनात्मक चार्ट का अवलोकन करने के उपरांत निर्णय मूल्यांकन समिति द्वारा लिया गया की एक ही फर्म द्वारा निविदा डालने के कारण पर्याप्त प्रतियोगिता नहीं होने एवं वर्ष 2025-26 के दरो के अनुपात में वित्तीय वर्ष 2026-27 की दरे अधिक होना पाया गया है। इसी मूल्यांकन समिति द्वारा पूर्व मे आया हुआ ई-टेंडर को निरस्त कर दोबारा मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः निविदा जारी करने का निर्णय लिया गया है।

अतः उपरोक्त व्यवस्थाओं में लगने वाले वाहन प्रदाय किये जाने हेतु निविदाकारों से आनलाईन टेण्डर जारी किया गया है जिसकी विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in और mppolice.gov.in पर उपलब्ध है। Tender ID:2026_MPP_499952_1

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | प्रतिभूति राशि | निविदा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस विभाग के अंतर्गत जिले के थाना / चौकियों / राजपत्रित अधिकारीयों हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बोलेरो वाहन (चालक व डीजल सहित) 1500 किमी प्रतिमाह चलाने हेतु मासिक किराया दर पर एवं कानून व्यवस्था व अन्य डयूटी हेतु बोलेरो समकक्षा वाहन प्रतिदिवस की दर पर वाहन अधिग्रहण करने हेतु | 75,00,000/- | 75,000/- | 2000/- |

| स.क्र. | निविदा का विवरण | दिनांक | समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 13.04.2026 | 17:00 | |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 13.04.2026 | 17:00 | |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 25.04.2026 | 17:00 | |
| 4 | निविदा खोलने की दिनांक | 27.04.2026 | 12:00 | |

(मनोज कुमार राय)
पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक
जिला खण्डवा

G11757/26

## आज का इतिहास

1611- विख्यात उपन्यासकार विलियम शैक्सपियर के नाटक मैकबेथ का पहला ज्ञात मंचन हुआ.
1712-जहांदार शाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा. इस मुगल सम्राट ने 1713 तक शासन किया. वह बहादुरशाह का बड़ा पुत्र था.
1876-भारतीय थल सेना के 41वें डोगरा में लांस नाईक लाला राम का जन्म.
1889-जर्मन तानाशाह अडोल्फ हिटलर का जन्म.
1914-उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ मोहंती का जन्म.
1920-प्रसिद्ध भजन गायिका जुथिका रॉय का जन्म.
1936-प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रेम शंकर गोयल का जन्म.
1939-जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के पचासवें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया.
1946-संयुक्त राष्ट्र की पूर्ववर्ती संस्था लीग ऑफ नेशन्स भंग की गई.
1953-कोरिया और संयुक्त राष्ट्र सेना के बीच बीमार युद्ध बंदियों का आदान प्रदान हुआ.
1960-एयर इंडिया ने लंदन की अपनी पहली बोइंग 707 उड़ान के साथ जेट युग में प्रवेश किया.
1970-भारतीय गीतकार और शायर शकील बदायूँनी का निधन.
1972-अपोलो 16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया. जॉन यंग और चार्ल्स ड्यूक की टीम चांद पर उतरने वाली इतिहास की पांचवीं टीम बनी.
1974-सत्तर के दशक में आंतरिक हिंसा से बुरी तरह प्रभावित उत्तरी आयरलैंड के संघर्ष में मरने वालों की संख्या 1000 पहुंची.
1997-इंद्र कुमार गुजराल देश के 12वें प्रधानमंत्री बने.
1999-जर्मन के पूर्व चांसलर हेल्मुट कोल अमेरिकी सर्वोच्च नागरिक सम्मान द प्रेसिडेंशियल मेडल आफ फ्रीडम से सम्मानित.
2004-राजस्थान के लोक गीतों एवं कथाओं आदि के संकलन एवं शोध हेतु समर्पित कोमल कोठारी का निधन.
2006-भारत ने अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डा ताजिकिस्तान में स्थापित करने की घोषणा की.
2008-महाराष्ट्र भाजपा के नेता व राष्ट्रीय महासचिव गोपीनाथ मुण्डे ने अपने पद से इस्तीफा दिया.

# देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी के हालात

**नई दिल्ली/जयपुर/लखनऊ, 19 अप्रैल.** देश में गर्मी ने इस साल अपने तेवर जल्दी दिखाने शुरू कर दिए हैं. अप्रैल के मध्य में ही तापमान कई राज्यों में 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे हालात मई-जून जैसे हो गए हैं. मध्य भारत, उत्तर भारत और पश्चिमी हिस्सों में लू का असर तेजी से बढ़ रहा है.

जबकि कुछ इलाकों में रात के समय भी गर्म हवाएं चलने का खतरा बन गया है।छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों में लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. हालात इतने गंभीर हैं कि कुछ जगहों पर स्कूल बंद करने पड़े हैं, वहीं जानवरों को भी ठंडक देने के लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं।दिलचस्प बात यह है कि जहां देश का एक बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है, वहीं पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है.



मौसम का यह विपरीत रूप देशभर में अलग-अलग तरह की चुनौतियां पैदा कर रहा है।इस तेजी से बढ़ते तापमान ने साफ संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं. मौसम विभाग ने खास तौर पर छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के लिए चेतावनी जारी की है, जहां रात के समय भी लू चलने की संभावना है. आमतौर पर लू दिन में ही प्रभावी होती है, लेकिन रात में भी गर्म हवाओं का चलना स्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरनाक माना जाता है, क्योंकि शरीर को राहत नहीं मिल पाती।गर्मी का असर सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है.

**Hon. Balasaheb Thackeray Agribusiness and Rural Transformation (SMART) Project**

(www.smart-mh.org)

**E-TENDER NOTICE NO (2026_DOAWB_1295750_1)**
**Construction Of Onion Storage Shed 1000 MT**

The Government of Maharashtra is implementing the World Bank-funded SMART Project. Kalbhairavanth Farmer Producer Company Limited, at post Akhatwadi, Tq. Shevgaon, District Ahilyanagar is one of the beneficiaries under the project and Inviting online bids on https://mahatenders.gov.in for above mentioned works. The estimated cost of work is Rs. 105 lakhs (Including GST). The last date for submission of online bid is 21/05/2026 up to 02.00PM. Any updates or notices shall be published on aforementioned websites only,

**District Implementation Unit, SMART Project Dist.Ahilyanagar.**

**Hon. Balasaheb Thackeray Agribusiness and Rural Transformation (SMART) Project**

(www.smart-mh.org)

**E-TENDER NOTICE NO (2026_DOAWB_1295750_1)**
**Construction Of Onion Storage Shed 1000 MT**

The Government of Maharashtra is implementing the World Bank-funded SMART Project. Kalbhairavanth Farmer Producer Company Limited, at post Akhatwadi, Tq. Shevgaon, District Ahilyanagar is one of the beneficiaries under the project and Inviting online bids on https://mahatenders.gov.in for above mentioned works. The estimated cost of work is Rs. 105 lakhs (Including GST). The last date for submission of online bid is 21/05/2026 up to 02.00PM. Any updates or notices shall be published on aforementioned websites only,

**District Implementation Unit, SMART Project Dist.Ahilyanagar.**

IDFC FIRST Bank

CIN: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, आठवीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई -600031। दूरभाषः +914445644000, फैक्सः+914445644022

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित।

Online Property Survey

आम जनता को, विशेष रूप से कॉलम (iii) में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) में वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं और जिनका कब्जा पूर्व में IDFC बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें कॉलम (i) में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और सह-उधारकर्ता(ओं) से IDFC फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में IDFC बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को देय राशि की वसूली के लिए, नीचे वर्णित अनुसार "जैसा है, जहां है", "जैसा है, और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया IDFC फर्स्ट बैंक की वेबसाइट www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vii) | (viii) | (ix) | (x) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स.क्र. | माँग सूचना राशि | अनुबंध आईडी | उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) का नाम | गिरवी संपत्ति का पता | आरक्षित कीमत राशि | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | नीलामी की तिथि और समय अग्रिम जमा राशि | निरीक्षण की तिथि और समय | अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
| 1 | रू. 491955.59/- मांग सूचना दिनांकः 30-अप्रैल-2025 | 81259441 | गोपाल सेवसिंह और माला बाई | वह संपत्ति का टुकड़ा और भाग क्षेत्रफल 38 X 27 = 1026 वर्ग फुट स्थित सर्वेक्षण संख्या 227, ग्रामः झाड़ीबरोदा, ग्राम पंचायतः झाड़ीबरोदा, तहसील और जिलाः धार, मध्य प्रदेश-454774, और सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः मल्खान का घर, पश्चिमः मानसिंह का घर, उत्तरः मुख्य सड़क और दक्षिणः स्वयं की खुली भूमि | रूपये 666900.00/- | रूपये 66690.00/- | 26 मई 2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 25 मई 2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 19 मई 2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक | नाम- पवन पाटीदार संपर्क नंबर- 8305627330 नाम- शिवम सामरी संपर्क नंबर- 9179336669 |

संपत्ति के स्थान और संपत्ति की छवियों के QR कोड

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त सूचना केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी की गई है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति में मौजूद किसी भी चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांकः 20.04.2026
स्थानः मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)